भारत सरकार / GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

भारत 2023 INDIA

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 06.10.2023

आरेडिका में 81वें अखिल भारतीय रेलवे हॉकी मेन्स चैंपियनशिप 2023–24 की रंगारंग शुरूआत

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में दिनांक 05.10.2023 से 10.10.2023 तक 81वें अखिल भारतीय रेलवे हॉकी मेन्स चैंपियनशिप 2023–24 का आयोजन पूरे उत्साह के साथ हो रहा है। जिसमें रेलवे जोन, प्रोडक्शन यूनिटों एवं रेलवे बोर्ड सहित कुल 10 टीमों के 230 खिलाड़ी तथा 20 ऑब्जर्बर, टेक्निकल ऑफिशियल, एथलेटिक फेडरेशन एवं रेलवे बोर्ड स्पोर्टस प्रमोशन बोर्ड के पदाधिकारी सहित कुल 250 लोग शामिल होंगे तथा 20 मैच खेले जाएंगे। इसमें बहुत से खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन कर चुके हैं।

इस कार्यक्रम के मुख्य अथिति महाप्रबंधक श्री प्रशान्त कुमार मिश्रा ने खिलाड़ियो की प्रतिज्ञा शपथ के साथ कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत की। चैंपियनशिप के प्रथम दिन चार मैच खेले गये प्रथम मैच पूर्व रेलवे कोलकाता एवं पूर्व तटीय रेलवे भुवनेश्वर, द्वितीय मैच दक्षिण रेलवे चैन्नई तथा दक्षिण पूर्व रेलवे कोलकता, के मध्य खेला गया तृतीय मैच रेल व्हील फैक्ट्री एवं मध्य रेलवे के मध्य हुआ वही चतुर्थ मैच उत्तर रेलवे तथा पश्चिम रेलवे के बीच हुआ।

आरेडिका खेल–कूद संघ के अध्यक्ष श्री संजय कुमार कटियार ने बताया कि आगुन्तक खिलाड़ियों उनके कोचों, टेक्नीकल ऑफिशियल और रेलवे बोर्ड के अधिकारियों के लिए आरेडिका के खेलकूद संघ द्वारा रहने–खाने की उचित व्यवस्था की गयी है। खिलाड़ियों के उचित मार्गदर्शन हेतु एक नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गयी है। जिससे खिलाडियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़े और एक स्वच्छ प्रतियोगता का सफल अयोजन हो सके।

इस अवसर पर आरेडिका के प्रधान मुख्य अभियंता श्री एस एस कलसी, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी श्री संजय कुमार कटियार, प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता श्री हरीश चंद्र, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक श्री राजीव खण्डेलवाल, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी श्री अमरनाथ दुबे, पदमश्री एवं अर्जुन आवार्डी आरेडिका की खेल–कूद अधिकारी श्रीमती सुधा सिंह सहित उच्चाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

06/10/23

(अनिल कुमार श्रीवास्तव)
जन संपर्क अधिकारी